बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

श्री नीतीश कुमार
माननीय मुख्यमंत्री,
बिहार

संदेश

बड़े हर्ष की बात है कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा नाबार्ड ऋण सम्पोषित राज्य योजना की मार्गदर्शिका का प्रकाशन किया जा रहा है।

सर्वविदित है कि बिहार एक कृषि प्रधान ग्रामीण प्रदेश है। राज्य सरकार अपने संसाधनों से बुनियादी एवं मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। राज्य के संरचनाओं के तीव्र विकास हेतु अन्य शीर्षों के अतिरिक्त नाबार्ड से आर.आई.डी.एफ. के अंतर्गत ऋण लेकर भी सड़क एवं पुलों का निर्माण कराया जा रहा है। हमारा सपना है कि राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से राजधानी पटना पहुँचने में छह घंटे से अधिक समय नहीं लगे।

इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत ग्रामीण पथों का निर्माण कराया जा रहा है। यह योजना शीर्ष 4515 (आर.आई.डी.एफ. नाबार्ड) राज्य योजना है। योजना के कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु यह मार्गदर्शिका तैयार किया गया है, इसमें योजना के चयन से कार्यान्वयन तक की प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है। यह मार्गदर्शिका सभी पदाधिकारियों, जन–प्रतिनिधियों एवं आम जनता के लिए उपयोगी होगी।

(नीतीश कुमार)

बिहार सरकार,
ग्रामीण कार्य विभाग,
विश्वेश्वरैया भवन, पटना–15
Govt. of Bihar
Deptt. of Rural Works
Vishweshwariya Bhawan, Patna-15

डा. भीम सिंह
मंत्री,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार

संदेश

बिहार एक ग्रामीण प्रदेश है। ग्रामीणों को बारहमासी पथ से आवागमन प्रदान करने हेतु नाबार्ड ऋण सम्पोषित योजना से ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित बसावटों को संपर्कता प्रदान की जाती है।

यह राज्य संपोषित योजना है। राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य के सभी बसावटों को संपर्कता प्रदान करने हेतु कृत संकल्प है। योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु कार्यान्वयन अनुदेश 2011–12 तैयार किया गया है। अनुदेश पुस्तिका विभाग के पदाधिकारियों एवं जन मानस के लिए मार्ग दर्शन का कार्य करेगा।

मुझे आशा है कि प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने हेतु तैयार की गई अनुदेश पुस्तिका जन मानस एवं विभागीय पदाधिकारियों/कर्मचारियों के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा।

मैं विभाग के इस प्रयास की सराहना करता हूँ।

(डॉ0 भीम सिंह)

डा0 बी. राजेन्दर, भा.प्र.से.
सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग, पटना

बिहार सरकार,
ग्रामीण कार्य विभाग,
विश्वेश्वरैया भवन, पटना–15
Govt. of Bihar
Deptt. of Rural Works
Vishweshwariya Bhawan, Patna-15

आमुख

राज्य के सभी बसावटों को बारहमासी सड़क से एकल संपर्कता प्रदान करना ग्रामीण कार्य विभाग की प्राथमिकता है। इस परिपेक्ष्य में राज्य सरकार का उद्देश्य सर्वविदित है। राज्य सरकार अपने सीमित संसाधनों से केन्द्र प्रायोजित प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अतिरिक्त कई राज्य संपोषित योजनाएं चला रही है। इसी क्रम में नाबार्ड सम्पोषित योजना के नये पथ/नये पुल योजना, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कार्यान्यवित की जाती है। बिहार एक ग्रामीण प्रदेश है। ग्रामीणों को बारहमासी पथ से आवागमन प्रदान करने हेतु इस इकाई से ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित बसावटों को संपर्कता प्रदान किया जाता है।

यह राज्य संपोषित योजना है। राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य के सभी बसावटों को संपर्कता प्रदान करने हेतु कृत संकल्प है। योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु कार्यान्वयन अनुदेश 2011–12 तैयार किया गया है। अनुदेश पुस्तिका विभाग के पदाधिकारियों एवं जन मानस के लिए मार्ग दर्शन का कार्य करेगा।

योजना के सफल कार्यान्वयन अनुदेश 2011–12 तैयार किया गया। मुझे उम्मीद है कि कार्यान्वयन अनुदेश 2011–12 का अनुपालन मुख्य अभियंता कार्यालय/अधीक्षण अभियंता कार्यालय/कार्यपालक अभियंता कार्यालय/अवर प्रमंडल कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग एवं सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा किया जायेगा। इस हेतु कार्यान्वयन अनुदेश की प्रति संबंधित पदाधिकारियों एवं अन्य प्रतिनिधियों को सूचनार्थ उपलब्ध कराया जा रहा है।

आशा है आप इससे लाभ उठायेंगे।

(बी0 राजेन्दर)
सचिव